Need to establish a 100-bedded ESIC hospital in Jalgaon Parliamentary Constituency, Maharashtra-Laid

श्रीमती स्मिता उदय वाघ (जलगांव) **:** मैं अपने संसदीय क्षेत्र जळगांव में 100-बेड वाले ESIC अस्पताल की स्थापना की लंबे समय से लंबित मांग को पुनः उठाना चाहती हूँ । यह विषय मैं पूर्व में भी सरकार के संज्ञान में लायी हूँ और आज एक बार फिर अपने क्षेत्र की जनता की ओर से इसे प्राथमिकता के साथ प्रस्तुत कर रही हूँ । जळगांव उत्तर महाराष्ट्र का एक प्रमुख औद्योगिक जिला है, जहाँ टेक्सटाइल, प्लास्टिक, इंजीनियरिंग तथा फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में कार्यरत 3 लाख से अधिक श्रमिक ESIC के अंतर्गत पंजीकृत हैं । इन श्रमिकों और उनके परिवारों को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना आवश्यक है । वर्तमान में निकटतम ESIC अस्पताल छत्रपति संभाजीनगर में स्थित है, जिससे उपचार हेतु लंबी दूरी तय करनी पड़ती है । मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करती हूँ, जिनके नेतृत्व में देशभर में ESIC सेवाओं का विस्तार हुआ है । अब जळगांव के श्रमिकों को भी इस सुविधा का लाभ मिलना चाहिए । इस परियोजना हेतु MIDC द्वारा 5.36 एकड़ भूमि रियायती उपलब्ध कराई गई है ।